





# एंबुलेंस नहीं मिलने पर बस में महिला का हुआ प्रसव

## बस स्टाफ ने दिखाई मानवता

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। समय से एंम्बुलेंस न मिलने से एक गर्भवती महिला का प्रसव बस में होने का मामला प्रकाश में आया है संकट के समय बस स्टाफ ने मानवता का परिचय देते हुए सीधे बस अस्पताल ले गया और महिला को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया।**

मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम पगरा निवासी एक महिला को 20-21 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 2 बजे प्रसव पीड़ा होने



पर परिवार के लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया लेकिन बार-बार कॉल करने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची तो सुबह लगभग 6 बजे भोपाल से पन्ना आ रही विंध्याचल यात्री बस में गर्भवती महिला को लेकर रवाना हुए लेकिन कुछ ही देर में महिला की प्रसव पीड़ा बढ गई।

अमानगंज से आगे पहुंचने पर महिला दर्द से चींखने चिल्लाने लगी और बताया कि बच्चे का सिर बाहर निकल चुका है बस में कोई जानकार व्यक्ति नहीं था जो महिला की मदद कर सके ऐसे में ड्राइवर और कंडक्टर को बस को बिना कहीं रोके जिला अस्पताल पन्ना के गेट में महिला को पगरा से जिला अस्पताल पन्ना के गेट तक 1 घंटे के अंदर पहुंचाया जहां महिला का सुरक्षित प्रसव होने से जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

# रक्तदान कर जीवन बचाएं ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। ब्रम्हाकुमारी संस्थान के देश भर में स्थित 6000 से अधिक सेवा केंद्रो पर एक साथ 22,23, 24 और 25 अगस्त के बीच रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे इसी क्रम में ब्रह्माकुमारी पन्ना में 24 अगस्त को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया होगा।**

ब्रह्माकुमारी बहन ने कहां रक्तदान केवल एक सामाजिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि यह इंसानियत का सबसे बड़ा उपहार है एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है,




दुर्घटनाओ बड़ी सर्जरी के दौरान रक्त की कमी जानलेवा साबित हो सकती है ऐसे में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोग अनगिनत जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ राजेश तिवारी ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है यह केवल इंसान से ही इंसान को दिया जा सकता है यही कारण है कि ब्लड बैंक में रक्त का स्टॉक बनाए रखने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आना बेहद जरूरी है रक्तदान से न केवल दूसरों का जीवन दान मिलता है बल्कि दाता का स्वास्थ्य भी लाभान्वित होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे डॉ राजेश तिवारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, अनुपम शर्मा डीएफओ पन्ना, श्रीमती वंदना चैहान एडिशनल एसपी पन्ना, श्रीमती निशा जैन सभी ने अपने-अपने विचार रखे एवं कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी से अपील की है इस रक्तदान महादान अभियान में अधिक से अधिक लोग सहयोगी बने।

# झूला झूलते समय दर्दनाक हादसा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 21 अगस्त। जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम चैमुका से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां घर में झूला झूलते समय 13 वर्षीय बच्ची रोशनी लोधी की मौत हो गई। यह हादसा इतना दर्दनाक था कि जिसने भी सुना, उसका दिल दहल उठा।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका रोशनी पिता स्वर्गीय हरगोविंद लोधी की इकलौती बेटी थी। स्कूल से लौटने के बाद वह घर में साड़ी से बना झूला झूल रही थी। इस दौरान उसकी मां किसी काम से गांव में बाहर गई हुई थी। घर में अकेली बच्ची खेलते-खेलते अचानक झूले से गिर गई

**इकलौती बच्ची की मौत**

और साड़ी में फंस गई। कुछ ही देर बाद जब उसकी मां घर लौटी तो उसने बेटी को साड़ी में उलझा पाया। घबराकर उसने तुरंत झूले से बच्ची को निकाला और परिजनों को सूचना दी। गांव के लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर मदद की, लेकिन तब तक बच्ची की सांसें थम चुकी थीं। परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही चालक सादिक खान और आरक्षक पूरन सिंह मौके पर पहुंचे और बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद रोशनी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। क्योंकि रोशनी ही उसके जीवन का सहारा थी। फिलहाल पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मर्ग कायम कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह हादसा कैसे हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह घटना न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए गहरे सदमे का कारण बन गई है। लोगों ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताया है।

# शा. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना व पवई में प्रवेश शुरू

## संस्था स्तर की काउंसलिंग की समय-सारणी घोषित

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 21 अगस्त। कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए संस्था स्तर पर काउंसलिंग की समय-सारणी जारी कर दी गई है, जिसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 19 से 21 अगस्त रात्रि 11:30 बजे तक, 25 अगस्त से 01 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक, 03 से 08 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक तथा 10 से 15 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक किए जाएंगे।**

इसके पश्चात प्रवेश का अवसर क्रमशः 22 अगस्त को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक, 02 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक, 09 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक तथा 15 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक उपलब्ध रहेगा। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वर्तमान में जनरल पूल से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में 23, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 02 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 01 व सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस श्रेणी से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 07, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 05 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 02 व सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 06 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं।

बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों की श्रेणी अंतर्गत मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 21, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 21 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 37 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जनरल पूल के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 02 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश के लिए रिक्त हैं। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 07, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 07, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 05 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं।

इसके साथ-साथ बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों की श्रेणी के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 23, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 13, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 01 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 28 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि सभी ब्रांच में प्रवेश पूर्ण होने तक यह काउंसलिंग निरंतर जारी रहेगी।

संस्था स्तर की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने हेतु अभ्यर्थी अपने आय, जाति, निवास, 10वीं की अंकसूची तथा टीसी इत्यादि दस्तावेजों के साथ पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना अथवा पवई में उपस्थित हो सकते हैं।

# केवल संबंधित अभ्यर्थी ही दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की विभिन्न परियोजनाओं के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 13 तथा सहायिका के 328 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए कार्यवाही प्रचलन में है।**

विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा सत्यापन उपरांत परियोजना अजयगढ़, पन्ना शहरी एवं ग्रामीण, गुनौर व अजयगढ़ की अनंतिम चयन सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर जारी की जा चुकी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि निर्धारित 7 दिवस में अनंतिम सूची के विरूद्ध पोर्टल पर दावा-आपत्तियां स्वीकार्य की जाएंगी। दावा एवं आपत्ति केवल संबंधित अभ्यर्थी द्वारा ही दर्ज कराया जा सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से दावा-आपत्ति के आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। प्रकाशित अनंतिम सूची के विरूद्ध दावा-आपत्ति के समय आवेदिका द्वारा केवल आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेज ही प्रस्तुत किए जा सकते हैं। कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। किसी आवेदिका का कोई दस्तावेज अंक देने से छूटने की स्थिति पर भी दावा प्रस्तुत किया जा सकता है।

आवेदिका को अनंतिम मेरिट सूची के अभ्यर्थी के विरूद्ध दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित परियोजना कार्यालय अथवा हेल्पलाइन नंबर 0755-6720208 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# पुलिस ने 153 लीटर शराब सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यावहिया की गई है।**

इसी कड़ी में चैकी प्रभारी पहाड़ीखेरा सउनि कमल सिंह चंदेल द्वारा मुखबिर के बताये स्थान जरेली चैकी, कालिंजर-पहाड़ीखेरा आम रोड पर पहुँचकर वाहन चेकिंग की कार्यवाही की गई। वाहन चैकिंग दौरान एक



संदिग्ध काली मारूति वैन (एमपी35 टी 0628) को रोका गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन में सवार 03 व्यक्तियों से नाम पता पूँछे जाकर वाहन की तलाशी ली गई। उन्होंने अपने नाम कल्लू उर्फ अभिषेक पाण्डेय पिता रविकरण पाण्डेय उम्र 28 साल निवासी पहाड़ीखेरा, सुनील द्विवेदी पिता परशुराम द्विवेदी उम्र 32 साल निवासी बारकोनिया माफी थाना नागौद, रामकलेश दाहिया पिता बाबूलाल दाहिया उम्र 32 साल निवासी कचनार थाना नागौद बताये।

तलाशी में वाहन से तीन प्लास्टिक की बोरियों में कुल 17 कार्टून अवैध देशी शराब (765 पाउच, कुल मात्रा 153 लीटर, कीमत लगभग 57,375/-) बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे अवैध शराब अवैध देशी शराब कुल मात्रा 153 लीटर, कीमत लगभग 57,375 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मारूति को जप्त किया जाकर तीनो आरोपियों के विरूद्ध 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया है।



# राज्यपाल ने भेंट की ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं विभागों सहित नागरिकों के स्वैच्छिक सहयोग से इस वर्ष भी लक्ष्य अनुरूप सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की राशि एकत्रित की गई। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की राशि का लक्ष्य पूर्ण होने पर राजभवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पन्ना जिले को ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र भेंट किया था।**

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर रामविशाल यादव ने आज कलेक्टर कक्ष में जिला कलेक्टर से भेंट कर राज्यपाल से प्राप्त ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र सौंपा। कलेक्टर ने सभी गणमान्य व्यक्तियों सहित विभाग प्रमुखों से भविष्य में भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर झण्डा दिवस निधि में राशि दान करने की अपील की।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**पन्ना 21 अगस्त।** तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र अगस्त 2025 के लिए कार्यवाही जारी है। वर्तमान में राउण्ड 6 के तहत कॉलेज लेवल काउंसलिंग के पंजीयन व च्वाईस फिलिंग की अंतिम तिथि शुक्रवार, 22 अगस्त तक निर्धारित है। इस संबधं में जिला कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत सीईओ सहित जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संयोजक को शासकीय आईटीआई में रिक्त सीट में प्रवेश के संबंध में अपने स्तर पर भी वांछित प्रयास के निर्देश दिए गए हैं। अब तक प्रवेश के कुल 5 राउण्ड में कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। शासकीय आईटीआई में इस वर्ष से महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें भी आरक्षित की गई हैं।

शासन द्वारा महिलाओं के




# एनएसएस महिला टीम ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई टीम द्वारा श्री चोपड़ा मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम के साथ महाराजा छत्रसाल जू के महल की ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की।**

कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एसडी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत एन एस एस की टीम के स्वयंसेवकों ने श्री चोपड़ा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम किया।

इस कार्यक्रम में मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्वयंसेवकों ने मिलकर स्वच्छता में भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारीडॉ पियूषा शर्मा एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छ मंदिर सुंदर मंदिर का नारा लगाया।

# माता-पिता दोनों के न होने पर ही मिल सकेगा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ अपने माता एवं पिता दोनों को खोने वाले 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही मिल सकेगा।**

अपने संबंधियों या संरक्षक के साथ जीवन यापन करने वाले बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। पात्र बालक स्वयं अथवा संरक्षक के माध्यम से वांछित दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के साथ माता एवं पिता दोनों का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। साथ ही बालक एवं संरक्षक या रिश्तेदार का डीबीटी इनेबिल संयुक्त बैंक खाता होना भी जरूरी है। इसके अलावा बच्चे का आधार कार्ड, फोटो, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, समग्र आईडी एवं निवास प्रमाण पत्र तथा संरक्षक या रिश्तेदारों का आधार कार्ड, फोटो, राशन कार्ड, समग्र आईडी, आय प्रमाण पत्र और मोबाइल नंबर जरूरी है। योजना से संबंधित जानकारी और आवेदन जमा करने के लिए कलेक्टेऊट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय सहित परियोजना अधिकारी कार्यालय अजयगढ़, पन्ना, पवई, गुनौर व शाहनगर तथा विभाग की पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से भी संपर्क किया जा सकता है।

# प्रमोटी शिक्षकों एवं प्रभारियों के भरोसे शिक्षा व्यवस्था

## लगातार शिक्षा के स्तर में हो रही गिरावट

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 21 अगस्त। शिक्षा विभाग में ज्यादातर विद्यालय प्रभारी प्राचार्यो के भरोसे चल रहे हैं तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में ज्यादातर शिक्षक भी प्रमोटी हैं।**

वे भी ऐसे जिन्होंने भोज, ओपन बोर्ड, ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरवर्ती अध्ययन केंद्र, संस्कृत बोर्ड आदि से प्राइवेट तौर पर अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी से बीए एमए एवं गणित से बीएससी, एमएससी की डिग्रियां लेकर प्रमोशन ले लिया है। माध्यमिक शालाओं से लेकर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षक, उच्च शिक्षक के पदों पर प्रमोशन लेकर विषय विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ हैं। जिनसे वास्तव में पांचवी, आठवीं की गणित अंग्रेजी संस्कृत हिंदी नहीं बनती है ऐसे कई शिक्षक गुनौर व विकासखंड के विद्यालयों में पदस्थ हैं जो स्वयं ही अपात्र अयोग्य होने के कारण शिक्षण कार्य ही नहीं करते हैं। प्राचार्य भी प्रभारी होने के कारण उन अयोग्य शिक्षकों के विरुद्ध कुछ नहीं कर पा रहे हैं। जो शिक्षा जैसे जीवन से संबंधित मामले के लिए गंभीर मामला है एवं शिक्षा का स्तर निरंतर गिर रहा है। जिस पर शासन प्रशासन एवं समाज के उच्च स्तरीय जिम्मेदारों को संज्ञान लेकर समाज कल्याण के हित में कदम उठाने की आवश्यकता है आशा है जिम्मेदार समाचार से अवगत होकर कल्याणकारी कदम उठाएंगे।

## कलेक्टर ने उपचार के लिए प्रदान की स्वीकृति

पन्ना 21 अगस्त। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अनुशंसा पर जरूरतमंद हितग्राहियों को उपचार के लिए निर्धारित राशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर राशि आहरण की अनुमति प्रदान की है। सांसद स्वेच्छानुदान के संबंध में जारी निर्देशों के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के आवंटन से हितग्राहियों को उपचार के लिए स्वीकृति दी गई है। कुल 69 हितग्राहियों के ईलाज के लिए 3 लाख 11 हजार रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गश्त के दौरान दक्षिण पन्ना में मिला औषधीय पौधा कलिहारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में मानसून गश्त के दौरान एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा कलिहारी पाया गया। यह पौधा अपनी अद्वितीय सुंदरता और औषधीय गुणों के कारण विशेष महत्व रखता है।**

इसे अग्निशिखा के नाम से भी जाना जाता है। औषधीय पौधों का ज्ञान रखने वाले वन रक्षक जगदीश प्रसाद अहिरवार ने बताया कि कलिहारी की जड़ें और बीज अत्यंत उपयोगी होते हैं। यह पौधा जोड़ों के दर्द, बवासीर, कुष्ठ एवं त्वचा रोगों में लाभकारी माना जाता है तथा जटिल प्रसव को सरल बनाने में भी उपयोगी है।



किंतु यह विषैला पौधा है, इसलिए इसका उपयोग केवल योग्य वैद्य की देखरेख में ही किया जाना चाहिए।

अत्यधिक दोहन और जड़ोंदृबीजों के अनियंत्रित संग्रहण के कारण यह प्रजाति संकटग्रस्त हो चुकी है। वन विभाग ने जनसामान्य से अपील की है कि औषधीय उपयोग हेतु सभी पौधों का एक साथ विदोहन न करें और इसके संरक्षण में सहयोग करें, ताकि यह महत्वपूर्ण औषधीय संपदा विलुप्त न हो।

# छत्रसाल महाविद्यालय में वसुधैव कुटुंबकम अवधारणा पर हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 अगस्त। जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.एस.डी. चतुर्वेदी एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन गोयल के नेतृत्व में वसुधैव कुटुंबकम अवधारणा पर कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय कला भवन के मुख्य हाल में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक द्वारा सम्मान किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सचिन गोयल ने विषय प्रवर्तन करते हुए वसुधैव कुटुंबकम अवधारणा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। भारतीय ज्ञान परंपरा के सहसंयोजक श्री शुभम पाठक ने वसुधैव कुटुंबकम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महा उपनिषद का यह श्लोक भारत की संसद के प्रवेश द्वार पर उत्कीर्ण है। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा हितोपदेश से उत्पन्न हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने कहा कि अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम। यह मेरा है, वह तेरा है - ऐसी संकीर्ण सोच वाले व्यक्तियों की गणना है। हालाँकि, नेक दिल वालों के लिए, पूरी दुनिया एक परिवार है। वसुधैव कुटुम्बकम का संपूर्ण दर्शन हिंदू दर्शन का एक अभिन्न अंग है। जब हम प्रत्येक व्यक्ति में एक ही चेतना देखेंगे, तभी हम विश्व को एक परिवार के रूप में देख पाएँगे। उपनिषद इसे वसुधैव कुटुम्बकम कहते हैं। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राममोहन तिवारी ने वसुधैव कुटुंबकम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा व्यापक है। यह न केवल मनुष्यों और मानव समुदायों के बीच भाईचारे और एकता का आह्वान करती है, बल्कि सभी जीवित प्राणियों को एक परिवार का हिस्सा मानती है और सभी जीवित प्राणियों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की वकालत करती है। वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ बी एन जायसवाल ने वसुधैव कुटुंबकम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता की भावना हमारी सांस्कृतिक पहचान है। प्राचीन भारतीय संस्कृति विश्व शांति और सद्भाव की कामना करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा इस अवसर पर विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर केंद्रित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका परिणाम प्रकोष्ठ संयोजक डॉ सचिन गोयल द्वारा घोषित करते हुए प्रिया कोरी एवं डालचंद कोरी प्रथम स्थान, मुस्कान वर्मा द्वितीय स्थान एवं मोहित रैकवार को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।